दिन– शनिवार दिनांक– 01 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

नमस्कार, ये आकाशवाणी पटना है। अब आप **अभिषेक दास** से प्रादेशिक समाचार सुनिये। पहले मुख्य समाचार.......

01. लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में प्रदेश के आठ संसदीय क्षेत्रों के साथ ही अगिआंव विधानसभा क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान जारी।

02. एक करोड़ बासठ लाख से अधिक मतदाता केन्द्रीय मंत्री आर. के. सिंह, भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद, पूर्व केन्द्रीय मंत्री उपेन्द्र कुशवाहा और राजद की मीसा भारती समेत एक सौ चौंतीस उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला करेंगे।

03. प्रदेश में गर्मी और लू का प्रकोप जारी। मौसम विभाग ने आज रोहतास, कैमूर, औरंगाबाद और बक्सर जिले में कुछ स्थानों पर भीषण लू को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया।

04. और, शिक्षा विभाग ने उच्च माध्यमिक विद्यालयों में नियुक्ति के लिए होने वाली परीक्षा में अतिथि शिक्षकों को अनुभव का लाभ देने का फैसला किया।

---

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के तहत राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों– नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट और जहानाबाद में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुबह सात बजे से मतदान जारी है। अगिआंव विधानसभा उपचुनाव के लिए भी मतदान हो रहा है। मतदान शाम छह बजे तक चलेगा। सुरक्षा की दृष्टि से सासाराम लोकसभा क्षेत्र के चैनपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत छियालीस और चेनारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पच्चीस बूथों पर शाम चार बजे तक मतदान होगा। वहीं, काराकाट लोकसभा क्षेत्र के गोह विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत अड़तालीस और नवीनगर विधानसभा क्षेत्र के चौबीस बूथों पर शाम पांच बजे तक वोट डाले जा सकेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि कड़ी धूप के बावजूद सभी आयु वर्ग और पहली बार मतदान करने वाले युवाओं में मतदान को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। पहली बार मतदान करने वाले युवाओं में वोटिंग को लेकर विशेष उत्साह है।

–––बाईट––धर्मेन्द्र कुमार राय–– 40 सें.

---

हमारे पटना संवाददाता ने बताया कि पटना साहिब और पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्रों में सुरक्षा की दृष्टि से केन्द्रीय पुलिस बल की अस्सी कम्पनियों की तैनाती की गयी है।

———रिपोर्ट———

पटना साहिब और पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र में मतदान केन्द्रों को चंद्रयान, गोलघर, नालंदा विश्वविद्यालय और हरियाली समेत अलग—अलग थीम के आधार पर सजाया गया है। पटना नगर निगम ने एक हजार छह सौ इक्कीस मतदान केन्द्रों को चकाचक मतदान केन्द्र के रूप में विकसित किया है। सभी केन्द्रों पर सेल्फी प्वाइंट बनाने के साथ ही मतदाताओं की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध भी किये गये हैं। दोनों संसदीय क्षेत्रों में तैंतालीस लाख से अधिक मतदाता उनचालीस उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला करेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

नालंदा लोकसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल में मतदान जारी है। हमारे संवाददाता ने बताया कि क्षेत्र में दो हजार तीन सौ पैंसठ मतदान केन्द्र बनाए गये हैं, जिसमें एक हजार दो सौ बूथ को अतिसंवेदनशील घोषित किया गया है।

———रिपोर्ट———

नालंदा लोकसभा क्षेत्र में बाईस लाख अट्ठासी हजार से अधिक मतदाता उनतीस प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला कर रहे हैं। मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा की दृष्टि से चालीस कम्पनी अर्धसैनिक बल के अलावा जिला पुलिस और गृह रक्षा वाहिनी के जवानों को तैनात किया गया है। लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी सात विधानसभा क्षेत्र के लिए उनतीस जोनल और आठ सुपर जोनल मजिस्ट्रेट बनाए गये हैं।एक सौ सत्तावन चिन्हित बूथों पर पर्दानशीं वोटरों की पहचान के लिए महिला चुनाव कर्मी की ड्यूटी लगाई गयी है। सभी बूथों पर नागरिक सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था की गयी है। आकाशवाणी समाचार के लिए नालंदा से निरंजन कुमार।

आरा से हमारे संवाददाता ने बताया कि कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान जारी है। ब्योरा हमारे संवाददाता से—

———रिपोर्ट———

आरा लोकसभा क्षेत्र में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान जारी है। विभिन्न मतदान केंद्रों पर महिला, बुर्जुग, दिव्यांग और युवा मतदाताओं की लम्बी कतारें देखी जा रही है। बीते दो दिनों से जारी भीषण गर्मी में कमी आने से मतदाता अपने घरों से मतदान के लिए बाहर निकल रहे हैं। जिला प्रशासन ने मतदान को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये हैं। प्रशासन की ओर से एक सौ बारह मतदान केन्द्रों को क्रिटिकल घोषित किया गया है। अगिआंव विधानसभा उपचुनाव के लिए भी मतदान शांतिपूर्ण माहौल में जारी है। आकाशवाणी समाचार के लिए आरा से मुकेश कुमार सिन्हा।

बक्सर लोकसभा क्षेत्र में सुबह से ही विभिन्न मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें देखी जा रही है और ब्यौरा हमारे संवाददाता शशांक शेखर से—

———रिपोर्ट———

बक्सर संसदीय क्षेत्र में भीषण गर्मी से बचने के लिए कई मतदान केन्द्रों पर मतदान शुरू होने के निर्धारित समय से पहले ही वोटर कतारबद्ध होकर अपनी बारी का इंतजार करते देखे गए। मतदान को लेकर सभी आयु वर्ग के मतदाताओं में

उत्सवी जोश देखा जा रहा है। मतदान केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाओं की बेहतर व्यवस्था होने और सुरक्षा व्यवस्था चौकस होने से लोग घरों से निकलकर मतदान केन्द्र की तरफ आ रहे हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए बक्सर से शशांक शेखर।

सासाराम संसदीय क्षेत्र से हमारे संवाददाता ने बताया कि चिन्हित मतदान केन्द्रों से पूरी मतदान प्रक्रिया की लाइव वेबकास्टिंग की जा रही है।

———रिपोर्ट———

सासाराम संसदीय क्षेत्र के कुल दो हजार छत्तीस मतदान केन्द्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान जारी है। निर्वाचन आयोग और जिला प्रशासन के अधिकारी मुख्यालय स्थित कंट्रोल रूम से चुनाव संबंधी हरेक गतिविधि की निगरानी कर रहे हैं। कंट्रोल रूम आने वाली समस्याओं का तत्काल निपटारा किया जा रहा है। आकाशवाणी समाचार के लिए सासाराम संसदीय क्षेत्र से श्रीकांत पांडेय।

काराकाट लोकसभा क्षेत्र में सुबह से ही विभिन्न मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें देखी जा रही है। पहली बार वोटिंग करने वाले मतदाताओं में खासा उत्साह है।

———रिपोर्ट———

काराकाट लोकसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल में मतदान जारी है। पहली बार मतदान करने वाले वोटरों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। पोलिंग बूथों पर पेयजल, शेड, रैम्प और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था भी की गयी है। रोहतास के जिलाधिकारी नवीन कुमार और पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार सुबह सात बजे से जिले के अंतर्गत पड़ने वाले विभिन्न मतदान केंद्रों पर पहुंच कर जायजा लेते देखे गए। वहीं, औरंगाबाद जिला अन्तर्गत आने वाले तीन विधानसभा गोह, ओबरा और नबीनगर में औरंगाबाद के जिलाधिकारी श्रीकांत शस्त्री और पुलिस अधीक्षक स्वप्ना जी मेश्राम बूथों का जायजा ले रही हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए काराकाट से चंदन कुमार।

जहानाबाद लोकसभा क्षेत्र में सुबह से ही विभिन्न मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें देखी जा रही है।

———रिपोर्ट———

सुरक्षा की दृष्टि से काफी संवेदनशील माने जाने वाले जहानाबाद संसीदय क्षेत्र के कुल एक हजार सात सौ तिरानवे मतदान केन्द्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान जारी है। भीषण गर्मी के वाबजूद लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी को लेकर मतदाताओं में वोटिंग को लेकर उत्साह चरम पर है। बूथों पर मतदाताओं की सहायता के लिए एनसीसी, एनएसएस और भारत स्काउट्स एंड गाईड के स्वयंसेवक बुर्जुग और दिव्यांग मतदाताओं की सहायता में जुटे हुए हैं। लू की स्थिति को देखते हुए पोलिंग बूथों पर पेयजल, ओआरएस और ग्लूकोज की व्यवस्था की गयी है। आकाशवाणी समाचार के लिए जहानाबाद से आभाष रंजन।

---

मतदान के लिए मतदाताओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। कुछ मतदाताओं ने आकाशवाणी समाचार के साथ अपने अनुभव साझा किये।

———वॉक्सपॉप———

---

सातवें चरण के लोकसभा चुनाव में एक करोड़ बासठ लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। इसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या पचासी लाख एक हजार छह सौ बीस और महिला मतदाताओं की संख्या सतहत्तर लाख दो हजार पांच सौ उनसठ है। थर्ड जेंडर के मतदाताओं की संख्या चार सौ पंद्रह है। वहीं, दो लाख तेईस हजार आठ सौ तिरेसठ मतदाता ऐसे हैं, जो पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

---

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के मतदान के लिए आठ सीटों पर बारह महिलाओं समेत कुल एक सौ चौंतीस उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। नालंदा सीट पर सबसे अधिक उनतीस उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। वहीं, पाटलिपुत्र से बाईस, पटना साहिब से सत्रह, जहानाबाद से पंद्रह, आरा और बक्सर से चौदह–चौदह, काराकाट से तेरह और सासाराम से दस उम्मीदवारों की चुनावी प्रतिष्ठा दांव पर है। बहुजन समाज पार्टी से सबसे अधिक आठ प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। वहीं, भाजपा के पांच, लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास के तीन और जदयू के दो उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। राजद के तीन, कांग्रेस के दो और भाकपा माले के तीन उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। और ब्योरा हमारी संवाददाता से––

–––रिपोर्ट–––

सातवें और अंतिम चरण में जिन आठ सीटों पर मतदान हो रहा है, उसमें से पांच पर भाजपा और तीन पर जदयू का कब्जा है। पटना साहिब, पाटलिपुत्र, बक्सर, सासाराम और आरा सीट पर भाजपा के सांसद हैं, जबकि काराकाट, नालंदा और जहानाबाद क्षेत्र जदयू के पास है। चुनाव में नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा और सासाराम सीटों पर एनडीए और इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों के बीच सीधी टक्कर है, जबकि बक्सर सीट पर चतुष्कोणीय और काराकाट तथा जहानाबाद सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला है। नालंदा से जदयू के कौशलेन्द्र कुमार लगातार चौथी बार अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए मैदान में हैं। उन्हें भाकपा माले के संदीप सौरभ चुनौती दे रहे हैं। पटना साहिब सीट पर भाजपा से निवर्तमान सांसद रविशंकर प्रसाद लगातार दूसरी बार लोकसभा जाने के लिए चुनाव मैदान में हैं। उनके मुकाबले चुनाव मैदान में हैं कांग्रेस के अंशुल अविजीत। दूसरी तरफ, पाटलिपुत्र सीट पर भाजपा के रामकृपाल यादव जीत की हैट्रिक लगाने की उम्मीद में हैं। वहीं, इस सीट पर राजद की मीसा भारती लगातार तीसरी बार चुनावी समर में हैं। आरा सीट पर भाजपा ने केन्द्रीय मंत्री और निवर्तमान सांसद आर. के. सिंह को लगातार तीसरी बार चुनाव मैदान में उतारा है। उनके सामने इंडी गठबंधन की ओर से भाकपा माले के सुदामा प्रसाद चुनाव मैदान में हैं। बक्सर में चतुष्कोणीय मुकाबला नजर आ रहा है। यहां से भाजपा के मिथिलेश तिवारी, राजद के सुधाकर सिंह और निर्दलीय ददन पहलवान तथा आनंद मिश्र के बीच मुकाबला माना जा रहा है। सासाराम सीट पर भाजपा के शिवेश राम और कांग्रेस के मनोज कुमार के बीच सीधी टक्कर है। वहीं, काराकाट में एनडीए समर्थित राष्ट्रीय लोक मोर्चा के उपेन्द्र कुशवाहा, विपक्षी गठबंधन से भाकपा माले के राजाराम सिंह और निर्दलीय पवन सिंह के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है। जहानाबाद सीट पर भी त्रिकोणीय मुकाबला दिखाई दे रहा है। यहां जदयू से चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, राजद से सुरेन्द्र प्रसाद यादव और बहुजन समाज पार्टी के अरूण कुमार के बीच टक्कर मानी जा रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से डॉ. सविता पारीक।

---

अगिआंव विधानसभा उपचुनाव के लिए कुल नौ उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। एनडीए से जदयू के प्रभुनाथ प्रसाद और भाकपा माले के शिव प्रकाश रंजन के बीच मुख्य मुकाबला माना जा रहा है। गौरतलब है कि अगिआंव विधानसभा क्षेत्र से भाकपा माले विधायक मनोज मंजिल को हत्या के एक मामले में सजा सुनाए जाने के बाद उनकी विधानसभा सदस्यता समाप्त हो गयी थी। इसके बाद इस क्षेत्र में उपचुनाव हो रहा है।

---

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों के दौरान हुयी बारिश के कारण तापमान में गिरावट आई है। हालांकि आज भी मौसम विभाग ने रोहतास, कैमूर, औरंगाबाद और बक्सर जिले के कुछ स्थानों पर भीषण लू की चेतावनी जारी की है। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, राज्य के उत्तरी और पूर्वी हिस्सों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान औरंगाबाद प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। यहां का अधिकतम तापमान चौवालीस डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। राजधानी पटना का अधिकतम तापमान में कमी दर्ज की गयी है। यहां का तापमान छत्तीस दशमलव सात डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

---

शिक्षा विभाग ने बीपीएससी द्वारा उच्च माध्यमिक विद्यालयों में नियुक्ति के लिए होने वाली परीक्षा में अतिथि शिक्षकों को अनुभव का लाभ देने का फैसला किया है। विभाग ने कहा है कि अतिथि शिक्षकों को प्रत्येक वर्ष की सेवा के लिए पांच अतिरिक्त अंकों का लाभ मिलेगा, जो अधिकतम पच्चीस अंक होगा।

---

मधेपुरा जिले के बिहारीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत हथीऔंधा सिंदुरिया टोला में पुलिस ने मुठभेड़ में तीन लाख रूपये के इनामी अपराधी प्रमोद यादव को मार गिराया।

---

सीवान जिले के मैरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत इमारौली गांव से पुलिस और एसआईटी की टीम ने छापेमारी कर एक घर से भारी मात्रा में हथियार के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

---

अखबारों की सुर्खियां.....

अब बिहार से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने सातवें और अंतिम चरण के मतदान से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**दैनिक जागरण** लिखता है– पटना साहिब और पाटलिपुत्र समेत प्रदेश की आठ लोकसभा क्षेत्रों पर आज मतदान। देशभर की सत्तावन सीटों पर वोटिंग।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है– अंतिम चरण में पीएम समेत नौ सौ चार प्रत्याशी मैदान में।

**दैनिक भास्कर** लिखता है– बिहार में आज जहां मतदान, वहां तापमान चालीस से चौवालीस डिग्री तक।

**हिन्दुस्तान** की बड़ी खबर है– बिहार में लू से तीसरे दिन इक्यावन की मौत। बारह मतदान कर्मियों की भी गई जान।

**राष्ट्रीय सहारा** और **दैनिक आज** समेत सभी समाचार पत्रों ने मौसम से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में प्रदेश के आठ संसदीय क्षेत्रों के साथ ही अगिआंव विधानसभा क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान जारी।

02. एक करोड़ बासठ लाख से अधिक मतदाता केन्द्रीय मंत्री आर. के. सिंह, भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद, पूर्व केन्द्रीय मंत्री उपेन्द्र कुशवाहा और राजद की मीसा भारती समेत एक सौ चौंतीस उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला करेंगे।

03. प्रदेश में गर्मी और लू का प्रकोप जारी। मौसम विभाग ने आज रोहतास, कैमूर, औरंगाबाद और बक्सर जिले में कुछ स्थानों पर भीषण लू को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया।

04. और, शिक्षा विभाग ने उच्च माध्यमिक विद्यालयों में नियुक्ति के लिए होने वाली परीक्षा में अतिथि शिक्षकों को अनुभव का लाभ देने का फैसला किया।

---

**इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।**